रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 23.09.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में स्वंयसेविकाओं और अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जोर–शोर से नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में कार्यकम प्रभारी के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नंवा में जाकर श्रमदान किया गया तथा बाल–विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन ग्रामीणों के बीच किया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों को जलपान कराया गया।

अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा द्वारा छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए उसमें अनुशासन एवं पूर्ण लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ (अजमेर) राज.

Mob. 9314618091
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ अजमेर
राष्ट्रीय सेवा योजना
54 वाँ स्थापना दिवस
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई